भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 37 | बिजौलिया - गुरुवार,17 सितम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

ओबीसी आरक्षण पर सरकार का हाईकोर्ट में जवाबः 50% की सीमा के भीतर ही दिया आरक्षण, बढ़ाना संभव नहीं

41 जिला प्रमुख पदों में ओबीसी के हिस्से में 5 सीटें, सरकार बोली- ओबीसी आयोग की रिपोर्ट और सर्वे के आधार पर हुआ निर्धारण; याचिकाकर्ता ने उठाए रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करने पर सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

राजस्थान में पंचायतीराज और नगरीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण को लेकर चल रहे विवाद के बीच राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा है। सरकार ने कहा है कि ओबीसी आरक्षण मनमाने तरीके से तय नहीं किया गया, बल्कि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के आधार पर लॉटरी के माध्यम से आरक्षण तय किया गया है। आयोग ने डोर-टू-डोर सर्वे और उपलब्ध जनाधार के आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद आरक्षण की सिफारिश की है।

मामला उस समय और महत्वपूर्ण हो गया है, जब प्रदेश में प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच और पंच के पदों के लिए आरक्षण की आगामी लॉटरी प्रस्तावित है। वहीं जिला प्रमुख पदों के आरक्षण को लेकर पहले ही हाईकोर्ट में सवाल उठ चुके हैं। 3 सितंबर को हाईकोर्ट ने 33 से बढ़कर 41 हुए जिला प्रमुख पदों के बावजूद ओबीसी के लिए केवल पांच पद आरक्षित किए जाने पर सरकार से जवाब मांगा था।

41 जिला प्रमुख पदों में 5 ओबीसी के लिए

13 अगस्त को 41 जिला परिषदों के जिला प्रमुख पदों के लिए आरक्षण की लॉटरी निकाली गई थी। इसमें जालौर, बूंदी और खैरथल-तिजारा के जिला प्रमुख पद ओबीसी के लिए तथा ब्यावर और सीकर के पद महिला ओबीसी के लिए आरक्षित किए गए। इस तरह कुल पांच पद ओबीसी वर्ग के हिस्से में आए। सरकार ने हाईकोर्ट में दिए जवाब में आरक्षण का गणित भी सामने रखा है। सरकार के अनुसार 41 जिला प्रमुख पदों में एससी के लिए 8, एसटी के लिए 7 और ओबीसी के लिए 5 पद आरक्षित किए गए हैं। इस तरह कुल 20 पद आरक्षित हैं, जो 41 पदों का 48.78 प्रतिशत है। सरकार का तर्क है कि यह सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 50 प्रतिशत की सीमा के भीतर है, इसलिए ओबीसी आरक्षण में और वृद्धि नहीं की जा सकती।

याचिका में 5 की जगह 7 सीटों की मांग

इस मामले में राधेराम गोदारा की ओर से याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि पहले प्रदेश में जिला प्रमुख के 33 पद थे और उस समय भी ओबीसी के लिए पांच पद आरक्षित थे। अब जिला पुनर्गठन और नए जिलों के गठन के बाद जिला प्रमुख के पदों की संख्या बढ़कर 41 हो गई, लेकिन ओबीसी आरक्षण की संख्या पांच पर ही बनी रही।

याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई है कि पदों की संख्या बढ़ने के साथ ओबीसी आरक्षण का भी आनुपातिक पुनर्निर्धारण होना चाहिए। याचिका में 2020 में दिए गए आरक्षण का हवाला देते हुए ओबीसी के लिए अधिक पद आरक्षित करने की मांग की गई है।

सरकार बोली- आयोग ने सर्वे और आंकड़ों के आधार पर की सिफारिश

सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि ओबीसी आयोग ने डोर-टू-डोर सर्वे करवाया और उपलब्ध जनाधार के आंकड़ों का विश्लेषण किया। इसी आधार पर आयोग ने ओबीसी आरक्षण की सिफारिश की। सरकार का कहना है कि एससी, एसटी और ओबीसी को मिलाकर आरक्षण सुप्रीम कोर्ट की 50 प्रतिशत सीमा के भीतर रखा गया है।

सरकार के अनुसार 41 में से 8 पद एससी के लिए यानी 18.51 प्रतिशत, 7 पद एसटी के लिए यानी 17.09 प्रतिशत और 5 पद ओबीसी के लिए आरक्षित किए गए हैं। तीनों वर्गों को मिलाकर 20 पद आरक्षित होते हैं और कुल आरक्षण 48.78 प्रतिशत बैठता है।

याचिकाकर्ता का सवाल- रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं?

दूसरी ओर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता आनंद शर्मा ने सरकार के जवाब पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि सरकार ने जिस ओबीसी आयोग की रिपोर्ट को आधार बनाकर आरक्षण का बचाव किया है, वह रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है।

याचिकाकर्ता पक्ष का तर्क है कि यदि आयोग की रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण तय किया गया है तो रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि ओबीसी आरक्षण का प्रतिशत किस आधार पर निर्धारित किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से सरकार के जवाब पर रिजॉइंडर भी पेश किए जाने की बात कही गई है। मामले में आगे सुनवाई होने की संभावना है।

लॉटरी पर भी पड़ा असर

जिला प्रमुख पदों के आरक्षण की लॉटरी के बाद ओबीसी आरक्षण को लेकर विवाद सामने आया था। इसके बाद पंचायत चुनावों से जुड़ी आगे की



आरक्षण प्रक्रिया भी प्रभावित हुई। प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच और पंच के पदों के लिए प्रस्तावित लॉटरी की तारीखों में बदलाव किया गया है।

पंचायतीराज चुनावों में ओबीसी आरक्षण को लेकर विवाद केवल जिला प्रमुख पदों तक सीमित नहीं है।इससे पहले 41 जिला परिषदों के 1,403 वार्डों में ओबीसी के लिए 192 सीटों की सिफारिश की गई थी।

कांग्रेस ने भी सरकार को घेरा

ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस सरकार पर लगातार सवाल उठा रही है। कांग्रेस का आरोप है कि पंचायतराज और नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण के आंकड़ों में कमी की गई है। पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर आरक्षण बचाओ प्रकोष्ठ का गठन भी किया है।

अब पूरे मामले में सरकार के जवाब और याचिकाकर्ता की आपत्तियों के बीच हाईकोर्ट की आगामी सुनवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। फिलहाल अदालत की ओर से ओबीसी सीटें बढ़ाने का कोई अंतिम आदेश नहीं हुआ है और आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था पर अंतिम स्थिति न्यायिक कार्यवाही के बाद ही स्पष्ट होगी।

कीरखेड़ा क्रॉस फायरिंग में पुलिस का बड़ा एक्शन, दोनों पक्षों के 3 मुख्य आरोपी गिरफ्तार,फायरिंग करते समय खुद ही घायल हुआ आरोपी



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुनित चपलोत

कीरखेड़ा में हुई क्रॉस फायरिंग के मामले में सुभाष नगर थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट और फायरिंग की घटना हुई थी। गिरफ्तार आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और हथियार बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

सुभाष नगर थानाधिकारी कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि 11 सितंबर को सांगानेर कस्बे के कीरखेड़ा में कीर समाज के दो गुटों के बीच विवाद हुआ था। विवाद के दौरान दोनों पक्षों की ओर से क्रॉस फायरिंग की गई। मामले में लखन कीर, सोहन कीर और गोपाल कीर को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी के अनुसार, तीनों आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहे थे। आरोपी लखन कीर घटना के दौरान घायल हो गया था और अस्पताल में भर्ती हुआ था। प्राथमिक उपचार के बाद वह अस्पताल से फरार हो गया था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि लखन कीर फायरिंग के दौरान देसी कट्टे से गोली चला रहा था। इसी दौरान हथियार हाथ में फटने से उसके हाथ में चोट लगी, जिसे पुलिस ने सेल्फ-इंजर्ड बताया है। फिलहाल तीनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और फायरिंग में इस्तेमाल हथियारों की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

कोटड़ी में नशे की खेप पकड़ीः 64 किलो डोडा-चूरा जब्त, चालक फरार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।

राजेंद्र बबलू पोखरणा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने बुधवार सुबह कार्रवाई करते हुए एक लोडिंग टैंपो से करीब 64 किलो डोडा-चूरा बरामद किया। नाकाबंदी के दौरान पुलिस को देखकर चालक ने टैंपो की रफ्तार बढ़ा दी और पुलिस के पीछा करने पर भीलों का झोंपड़ा के पास वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने टैंपो की तलाशी लेकर प्लास्टिक के तीन कट्टों में भरा 63 किलो 960 ग्राम डोडा-चूरा जब्त किया। मौके से एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह पुलिस टीम ने कोटड़ी के भीलों का झोंपड़ा जाने वाले मार्ग पर नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान उदयपुर नंबर का एक लोडिंग टैंपो आता दिखाई दिया। पुलिसकर्मियों ने चालक को रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने वाहन रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ा दी।

पुलिस टीम ने तत्काल टैंपो का पीछा शुरू किया। कुछ दूरी तक पीछा किए जाने के बाद चालक भीलों के झोंपड़ा के पास टैंपो छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें प्लास्टिक के तीन कट्टे मिले। जांच और वजन करने पर इनमें कुल 63 किलो 960 ग्राम डोडा-चूरा पाया गया। पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ लोडिंग टैंपो और मोबाइल फोन को भी जब्त कर लिया है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस अब जब्त मोबाइल और वाहन के आधार पर तस्करी से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।



बिजोलिया में अध्यक्ष की कुर्सी पर घमासान, नामांकन के बाद भाजपा पार्षदों की फिर बाड़ेबंदी

भाजपा ने स्नेहा तिवाड़ी को बनाया अधिकृत प्रत्याशी, कांग्रेस से भूमिका सुवालका मैदान में; 12-11 के आंकड़े के बीच निर्दलीयों पर टिकी नजर

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

कपिल श्याम विजय। नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर बिजोलिया में सियासी हलचल तेज हो गई है। बुधवार को नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए कुल चार प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किए। भाजपा की ओर से स्नेहा तिवाड़ी, आशा देवी जोशी और हर्षदा कुमारी राठौड़ ने नामांकन दाखिल किया, जबकि कांग्रेस की ओर से वार्ड 15 की पार्षद भूमिका सुवालका ने पर्चा भरा। हालांकि भाजपा ने वार्ड 4 की पार्षद स्नेहा तिवाड़ी को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है।

नामांकन प्रक्रिया के बीच भाजपा ने अपने पार्षदों को लेकर भी सतर्कता दिखाई। भाजपा के अध्यक्ष दावेदारों सहित 6 निर्वाचित पार्षद विजेता नामांकन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए बिजोलिया पहुंचे थे। भाजपा प्रत्याशीयो का नामांकन दाखिल होने के बाद सभी पार्षदों को वापस बाड़ेबंदी में ले जाया गया। इससे अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियों के तेज होने के संकेत मिले और पूरे दिन भाजपा की बाड़ेबंदी चर्चा का विषय बनी रही।

भाजपा ने स्नेहा पर जताया भरोसा

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी श्रवण सिंह बगड़ी ने बिजोलिया नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए वार्ड 4 की पार्षद स्नेहा तिवाड़ी को पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया। इसके बाद स्नेहा तिवाड़ी ने रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम छोटू लाल शर्मा के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया।



नामांकन दाखिल करती भाजपा प्रत्याशी स्नेहा तिवाड़ी



नामांकन दाखिल करती कांग्रेस प्रत्याशी भूमिका सुवालका



स्नेहा तिवाड़ी ,भाजपा अधिकृत प्रत्याशी



आशा देवी जोशी , भाजपा



हर्षदा कुमारी राठौड़, भाजपा



भूमिका सुवालका, कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी

भाजपा की ओर से स्नेहा तिवाड़ी के अलावा वार्ड 17 की आशा देवी जोशी और वार्ड 14 की हर्षदा कुमारी राठौड़ ने भी नामांकन पत्र दाखिल किए। वहीं कांग्रेस की ओर से वार्ड 15 की पार्षद भूमिका सुवालका ने अध्यक्ष पद के लिए पर्चा भरा।

बहुमत से भाजपा एक कदम दूर, कांग्रेस को दो का सहारा चाहिए

25 सदस्यीय नगर पालिका में भाजपा के 12, कांग्रेस के 11 और दो निर्दलीय पार्षद विजयी हुए हैं। अध्यक्ष पद के लिए बहुमत का आंकड़ा 13 है। ऐसे में भाजपा बहुमत से केवल एक पार्षद दूर है, जबकि कांग्रेस को बहुमत तक पहुंचने के लिए दो पार्षदों के समर्थन की जरूरत है।

यही आंकड़ा अध्यक्ष पद के चुनाव को रोचक बना रहा है। दोनों निर्दलीय पार्षदों का समर्थन अब महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे में अध्यक्ष पद की कुर्सी का फैसला सीधे तौर पर निर्दलीय पार्षदों के रुख से प्रभावित हो सकता है।

नामांकन के बाद बढ़ी सियासी हलचल

नामांकन दाखिल होने के साथ ही अब सबकी नजर नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी पर है। 17 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 18 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद अध्यक्ष पद के चुनाव की तस्वीर पूरी तरह साफ होगी। फिलहाल बिजोलिया में एक सीट के बहुमत के लिए भाजपा की कवायद, कांग्रेस की दो सीटों की जरूरत और दो निर्दलीयों की निर्णायक भूमिका ने अध्यक्ष पद के चुनाव को खासा दिलचस्प बना दिया है। भाजपा द्वारा अपने पार्षदों को नामांकन प्रक्रिया के बाद वापस बाड़ेबंदी में ले जाना भी इसी सियासी गणित के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

बेकाबू कार ने पहले रोडवेज परिचालक की कार को मारी टक्कर, फिर युवक को कुचला


बकरियां चराकर घर लौट रहा 22 वर्षीय युवक गंभीर घायल, भीलवाड़ा रेफर, कार सवार दो हिरासत में

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

कस्बे के निकट नेशनल हाईवे-148डी पर बुधवार देर शाम तेज रफ्तार बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़ी रोडवेज परिचालक की कार को टक्कर मारने के बाद बकरियां चराकर घर लौट रहे 22 वर्षीय युवक को चपेट में ले लिया। हादसे में रामप्रसाद (22) पुत्र शंभूनाथ योगी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार रामप्रसाद बकरियां चराकर घर लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे खड़ी रोडवेज परिचालक की कार से जा भिड़ी और इसके बाद युवक को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद आसपास के लोगों ने घायल युवक को उपचार के लिए जहाजपुर अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए भीलवाड़ा रेफर कर दिया।



सूचना मिलने पर शक्करगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जानकारी ली। पुलिस ने कार में सवार दो लोगों को हिरासत में लेकर कार जब्त कर ली। दुर्घटनाग्रस्त कार को क्रेन की सहायता से शक्करगढ़ थाने में खड़ा करवाया गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर कार की तेज रफ्तार को हादसे की वजह माना जा रहा है।

बिजली आपूर्ति बाधित, भीलवाड़ा शहर में दो दिन जलापूर्ति प्रभावित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

तिलस्वा एवं भुजरकला क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण दोनों पंप हाउस से पंपिंग बंद है। इसका सीधा असर आरोली स्थित जलशोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) पर पड़ा है, जिससे भीलवाड़ा शहर सहित जिले की जलापूर्ति प्रभावित होगी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, परियोजना खंड प्रथम भीलवाड़ा के अधिशाषी अभियंता सिद्धार्थ टाक ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण 16 सितंबर की सायंकाल तथा 17 सितंबर की प्रातःकाल जलापूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

वहीं, 17 सितंबर की सायंकाल एवं 18 सितंबर की प्रातःकाल जलापूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहने की संभावना है। विभाग ने विद्युत आपूर्ति एवं पंपिंग व्यवस्था प्रभावित होने के कारण आमजन से जल का आवश्यकतानुसार उपयोग करने की अपील की है।

ढ़ेलाणा में चारभुजानाथ की शोभायात्रा निकाली, प्रभात फेरी आज



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव):- सवाईपुर क्षेत्र के ढ़ेलाणा गांव बुधवार को चारभुजानाथ की शोभायात्रा निकाली गई । इस दौरान भक्तगण नाचते गाते चले । वही आज गुरुवार को हरि बोल प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के कई गांवों की प्रभात फेरी की मंडलियां शामिल होगी । ग्रामीण अम्बालाल जाट ने बताया कि भादवी छठ की पूर्व संध्या पर सायं 5:15 बजे चारभुजा नाथ की शोभायात्रा निकाली जो गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए बालक देवजी देवनारायण मंदिर पर पहुंची । चारभुजानाथ की शोभायात्रा ढोल-नगाड़े व डीजे के साथ निकाली, जिसमें भक्तगण भक्तिमय भजनों पर नाचने लगे । शोभायात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा स्वागत किया गया । इस दौरान रामेश्वर लाल जाट, बद्री लाल जाट, भैरुलाल जाट, संपत दरोगा, रामलाल जाट, गोपाल जाट, सांवर जाट, शान्ति लाल वैष्णव, दौलतराम जाट, सांवर वैष्णव, बबलू वैष्णव, गोवर्धन जाट, गणेश जाट, राज दरोगा, राधेश्याम जाट, मनीष जाट, संजय जाट, राहुल जाट आदि कई मौजूद रहे ।।

माण्डलगढ़ में रीको के गोदाम की दीवार फांद 22 कट्टे मक्का सहित कीमती सामान ले उड़े चोर

मौक़े पर चोरों की बाइक बरामद

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।

माण्डलगढ़ में रीको इंडस्ट्रियल एरिया करणपुरा स्थित एक गोदाम में अज्ञात चोरों ने दीवार तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के संबंध में गोदाम मालिक ने मंगलवार को मांडलगढ़ थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसन्धान शुरू किया है।

माण्डलगढ़ कोर्ट रोड़ की वकील कॉलोनी निवासी ज्ञानमल झंवर ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि रीको इंडस्ट्रियल एरिया करणपुरा में स्वयं का गोदाम है। गोदाम में मक्का के करीब 252 कट्टे रखे हुए थे। 14 सितंबर की रात करीब 11 बजे अज्ञात व्यक्ति गोदाम की दीवार फाद कर अंदर घुसे और दरवाजा खोलकर मक्का के कट्टों में से करीब 22 कट्टे चोरी कर लिए।

इसके अलावा चोरों ने गोदाम में रखे ट्रेलर की तीन बैटरियां, लोहे की जाली के तीन बंडल, तिरपाल सहित अन्य सामान भी चुरा लिया। सूचना मिलने पर गोदाम मालिक ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर चोर मोटरसाइकिल मौके पर छोड़कर फरार हो गए। रिपोर्ट में बताया गया कि मोटरसाइकिल बिना नंबर की थी।

पुलिस ने मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोदाम मालिक ने चोरी गया सामान बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

चारभुजानाथ मंदिर में रासलीला का आयोजन, कृष्ण भक्ति में डूबे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।

राजेंद्र बबलू पोखरणा

श्री चारभुजानाथ मंदिर में चल रहे जलझुलन महोत्सव के तहत बुधवार रात रासलीला कार्यक्रम हुआ। कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और राधा-कृष्ण की भक्ति का मनोहारी मंचन किया। भजनों, संगीत और आकर्षक वेशभूषा से सजे कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में डुबो दिया। कृष्ण के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। महोत्सव में कोटड़ी सहित आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर में विशेष सजावट एवं व्यवस्थाएं की गई हैं।

आज कावड़ियों का त्रिवेणी प्रस्थान, होगी बगड़ावत कथा

महोत्सव के तहत 17 सितंबर को कावड़ियों का सुबह त्रिवेणी के लिए प्रस्थान होगा। शाम 4 बजे त्रिवेणी से जल भरकर भगवान चारभुजानाथ के अभिषेक के लिए रवाना होंगे। रात में श्रीदेवनारायण भगवान की जीवन गाथा एवं बगड़ावत कथा का आयोजन होगा। ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने श्रद्धालुओं से सपरिवार कार्यक्रमों में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया।

विद्यालय के बाहर चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण



दिनेश पारीक । उपखंड क्षेत्र के माणकपुरा के ग्रामीणों ने एसडीएम प्रीति मीणा को ज्ञापन सौंपकर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के बाहर चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि भूमि पर गोबर की रूड़ियां डालकर कब्जे किए गए हैं तथा रास्ते के दोनों ओर खुले में शौच से गंदगी व दुर्गंध बनी रहती है। बबूल की झाड़ियों व अतिक्रमण से सामुदायिक भवन और विश्रांति गृह का रास्ता भी अवरुद्ध है। ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाकर बच्चों के लिए खेल मैदान विकसित करने की मांग की।

सद्गुरु की शरण से मिटते हैं पाप, ताप और संताप : आचार्य रामदयाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

माणिक्यनगर रामद्वारा में 'विश्व शांति कल्याण' चातुर्मास के तहत चल रहे विराट श्रीमद्भागवत ज्ञान सप्ताह के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जगदुरु आचार्य स्वामी श्रीरामदयाल महाराज ने कहा कि संसार के भोग क्षणिक सुख देते हैं, जबकि जन्म-मरण का चक्र सबसे बड़ा संताप है। सद्गुरु की कृपा से ही मनुष्य पाप, ताप और संताप से मुक्ति का मार्ग पा सकता है। उन्होंने कहा कि अमृत की तलाश में भटकने की आवश्यकता नहीं, सद्गुरु की कृपा से अमृत की प्राप्ति संभव है। राम नाम को जीवन का सबसे बड़ा आधार बताते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं से हरि नाम का स्मरण करने का आह्वान किया।



दीक्षा पर्व आज, होगा छप्पन भोग

गुरुवार को स्वामी रामचरण महाराज का विराट दीक्षा पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा घरों से विभिन्न पकवान लाकर छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा।



प्रहलाद भक्ति और नृसिंह अवतार का प्रसंग

कथा व्यास संत मनोरथराम रामजी राम मचलाना ने भक्त प्रहलाद, नृसिंह अवतार, अमृत मंथन और वामन अवतार के प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि एकाग्रता और समर्पण से कथा श्रवण करने पर भक्ति के साथ ज्ञान का भी संचार होता है।

रामद्वारा परिसर में पुष्कर से आए विद्वान पंडितों द्वारा 108 भागवत के मूल पाठ किए जा रहे हैं। भजनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा एवं प्रवचन का आयोजन 20 सितंबर तक प्रतिदिन निर्धारित समय पर जारी रहेगा।

लीलाधर के 1115वें जन्मोत्सव पर निकली विशाल पैदल यात्रा

शोभागपुरा चौराहे से सवाई भोज मंदिर आसींद के लिए रवाना हुई यात्रा, जयकारों से गूंजा माग

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।

परमेश्वर । उपखंड क्षेत्र के सरदार नगर में भगवान श्री देवनारायण के घोड़े लीलाधर के 1115वें जन्मोत्सव के अवसर पर बुधवार को दादा भोज देव सेना के तत्वावधान में चतुर्थ विशाल पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, युवा एवं कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए।



पैदल यात्रा का शुभारंभ शोभागपुरा चौराहे से हुआ। यात्रा पटेलाई, सरदार नगर एवं खाकल श्याम होते हुए सवाई भोज मंदिर, आसींद के लिए रवाना हुई। यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर महिलाएं एवं युवा नाचते-गाते हुए भगवान श्री देवनारायण और लीलाधर के जयकारे लगाते रहे। इससे पूरे मार्ग में भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

राजेंद्र मार्ग स्कूल में इंजीनियर डे और विश्व ओजोन दिवस मनाया

विद्यार्थियों को विश्वेश्वरैया के योगदान की जानकारी दी, प्रश्नोत्तरी के जरिए परखा ज्ञान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र मार्ग में भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर इंजीनियर दिवस एवं विश्व ओजोन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तकनीकी विकास, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

इंजीनियर दिवस के अवसर पर आयोजित नवाचार एवं प्रश्नोत्तरी सत्र की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को डॉ. विश्वेश्वरैया के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान, दूरदर्शी सोच और तकनीकी उपलब्धियों की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और राष्ट्र के तकनीकी विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम में प्राध्यापक धीरज जोशी एवं सुरेंद्र चौहान ने इंजीनियरिंग के आधुनिक समाज में महत्व तथा नवाचार की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी आयोजित कर उनके ज्ञान को परखा तथा सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के तकनीकी प्रबंधन एवं संयोजन की जिम्मेदारी प्राध्यापक मुकेश कुमार माली ने निभाई। डिजिटल एवं तकनीकी संचालन में बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक स्तुति नवहाल एवं विक्रम चौधरी का सहयोग रहा। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार का कार्य प्राध्यापक सत्येंद्र माली ने किया।

प्रार्थना सभा में ओजोन परत संरक्षण का संदेश

इससे पूर्व प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। जीव विज्ञान के प्राध्यापक सुरेंद्र चौहान ने विद्यार्थियों को ओजोन परत के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा पृथ्वी को पराबैंगनी किरणों से बचाने में ओजोन परत की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले सभी संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों की सराहना की गई।

मनोकामना पूर्ण होने पर सुंदर ने की दंडवत यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव):- सवाईपुर क्षेत्र की बनकाखेड़ा निवासी एक महिला ने मनोकामना पूर्ण होने पर दड़वत यात्रा करते हुए मोचडिया के मंड देवनारायण के पहुंची, जहां भगवान के आभार व्यक्त किया । ग्रामीणों ने बताया कि बनकाखेड़ा निवासी जवान बावरी की पत्नी सुंदर बावरी ने मोचडिया के मंड देवनारायण भगवान से मनोकामना की थी, जो पूर्ण होने पर बुधवार को दोपहर 1:15 बजे अपने घर से दंडवत यात्रा शुरू की जो मुख्य बस स्टैंड होते हुए रात्रि करीब 9:00 बजे देवनारायण मंदिर पर पहुंची, जहां देवनारायण भगवान को माथा टेककर आभार व्यक्त कर भोग लगाया ।।



देवनारायण भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



भीलवाड़ा फोकस @ कोटडी ग्रामीण ।

दिनेश पारीक भादवी छठ के अवसर पर ग्राम सिंहजी खेड़ा में भगवान श्री देवनारायण का अवतार जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ घोड़ा व्रत एवं घोड़ा रथ की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। जन्मोत्सव के अवसर पर 500 लीटर दूध से खीर तैयार कर भगवान देवनारायण को भोग लगाया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय गुर्जर महासभा तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल गुर्जर एवं देवनारायण नवयुवक मंडल के सहयोग से किया गया।



QUICK BITES

प्लास्टिक मुक्त जीवन का संदेशः विद्यार्थियों को दिए स्टील के टिफिन

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।



प्लास्टिक से दूरी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शक्करगढ़ में अनूठी पहल की गई। कक्षा 10 में अध्ययनरत जो विद्यार्थी रोजाना मध्यान्ह भोजन प्लास्टिक के डिब्बों में लेकर आते थे, उन्हें विद्यालय के व्याख्याता बाबूलाल मीणा ने स्टेनलेस स्टील के टिफिन प्रदान किए।

बाबूलाल मीणा ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में समझाते हुए दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम करने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव से भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा संदेश दिया जा सकता है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रामेश्वर प्रसाद मीणा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में शुरू से ही प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली की आदत विकसित करना जरूरी है। विद्यालय स्तर पर ऐसी पहल विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का पाठ भी पढ़ाती है।

भगवान देवनारायण के घोड़े लीलाधर के जन्मोत्सव पर निकला भव्य झंडा जुलूस

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा



भादवी छठ के पावन अवसर पर बुधवार को पंडेर कस्बे में भगवान देवनारायण के लीलाधर घोड़े के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 11वां भव्य झंडा जुलूस एवं भजन संध्या आयोजित की गई। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान देवनारायण के दर्शन एवं ध्वज पूजन का लाभ लिया। देवनारायण मंदिर कमेटी सदस्य धर्मचंद कटारिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भादवी छठ पर मंदिर प्रांगण से भगवान देवनारायण की ज्योत के साथ झंडा जुलूस निकाला गया। जुलूस कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इसमें महिला एवं पुरुष श्रद्धालु भगवान देवनारायण के जयकारे लगाते हुए नाचते-गाते चल रहे थे। जुलूस का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

भजन संध्या में झांकियों ने मोहा मन

रात्रि में देवनारायण मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। गायक कलाकारों ने भगवान देवनारायण की जीवनी एवं उनकी महिमा पर आधारित भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या के दौरान विभिन्न मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत की गईं, जिन्हें श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान देवनारायण के ध्वज पूजन एवं दर्शन किए। आयोजन के अंत में श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान समाजसेवी मुकेश जाट भी शोभायात्रा एवं कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्रामीणों ने उनका माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में देवनारायण मंदिर कमेटी के सदस्य, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



पर्युषण महापर्व के पहले दिन हुई क्षमा धर्म की आराधना

चांद जी की खेड़ी दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा व 48 दीपों से महाआरती का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया।



विकास जैन। चांद जी की खेड़ी स्थित दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण महापर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। बुधवार को पर्युषण महापर्व के प्रथम दिन क्षमा धर्म की आराधना की गई। इस दौरान जैन समाज के श्रद्धालुओं ने धार्मिक आयोजनों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समाज के वीरेंद्र पहाड़िया ने बताया कि सुबह मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा एवं विभिन्न पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। शांतिधारा वीरेंद्र कुमार, विकास चंद, शुभम कुमार, अर्पित एवं अक्षत पहाड़िया परिवार की ओर से की गई। इसके बाद पंचमेरु, दशलक्षण धर्म सहित अन्य पूजन संगीतमय वातावरण और नृत्य के साथ संपन्न हुए।

पूजन कार्यक्रम में हिरालाल पाटनी, सुजानमल पाटनी, कैलाश काला, विशाल काला, अभिषेक काला, विकास जैन, जितेंद्र पाटनी, दीपक पाटनी, दिलीप पाटनी एवं कमलेश बगड़ा सहित समाजजन मौजूद रहे।

सायंकाल पहाड़िया परिवार की ओर से भक्तामर स्तोत्र की 48 दीपों से महाआरती की गई। इसके बाद शास्त्र वाचन हुआ।

मोचडिया के मंड से आटोली श्याम तक निकाली भव्य वाहन रैली

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव):- सवाईपुर कस्बे के बनकाखेड़ा गांव स्थित प्रसिद्ध धाम मोचडिया के मंड देवनारायण मंदिर से आटोली श्याम बगला की झोपड़ियां तक देवनारायण भगवान के झंडे के साथ भव्य वाहन रैली निकाली गई । ग्रामीण सांवर अहीर ने बताया कि भादवी छठ के मौके पर बुधवार को भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बुधवार सुबह 11:15 बजे को मोचडिया का मंड देवनारायण भगवान मंदिर से परिक्रमा कर देवनारायण भगवान के झंडा के साथ विशाल वाहन रैली डीजे व ढोल नगाड़े के साथ प्रारंभ हुई, वाहन रैलों में दोपाहिया वाहन, कार, ट्रैक्टर व ट्रैक्टर-ट्रॉली शामिल थे । वाहन रैली देवनारायण मंदिर से होते हुए मुख्य गेट नेशनल हाईवे, ढ़ेलाणा, सवाईपुर, कोटड़ी चौराया, कुड़ी चौराया, नयागांव, बिगोद होते नदराय के पास बगला की झोपड़ियां गांव में पहुंची, जहां ग्रामीणों ने देवनारायण भगवान के झंडे व वाहन रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, इसके बाद आटोली श्याम देवनारायण मंदिर पर पहुंचे, जहां देवनारायण भगवान का झंडा चढ़ाया गया ।।

सेन युवा एकता मंच की बैठक में एकता और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

नए पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां, आगामी गरबा महोत्सव की तैयारियों पर हुआ मंथन

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।



सेन जी महाराज मंदिर, धानमंडी परिसर में सेन युवा एकता मंच की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज की एकता, संगठन को मजबूत बनाने तथा अधिक से अधिक युवाओं को मंच से जोड़ने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक भैरूलाल सेन महेंद्रगढ़ एवं युवा संरक्षक रोहित सेन, माणिक्यं नगर ने की।

बैठक में आगामी सेन युवा एकता मंच गरबा महोत्सव के आयोजन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए विभिन्न जिम्मेदारियां तय कीं।

नए पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

संगठन को अधिक सक्रिय और मजबूत बनाने के उद्देश्य से नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। इसमें महावीर सेन सालरा और शिवराज सेन तिलकनगर को उपाध्यक्ष, अविनाश सेन 100 फीट रोड और आकाश सेन सांगानेर कॉलोनी को महामंत्री, दिनेश सेन पुर को संगठन मंत्री, प्रवीण सेन भीलवाड़ा को मीडिया प्रभारी, रवि सेन गांधीनगर और श्याम सुंदर सेन (शीनू) तिलकनगर को मंत्री बनाया गया। वहीं नारायण सेन (माही) संजय कॉलोनी को सह मंत्री, शम्भू सेन आजादनगर को सह प्रचार मंत्री तथा विश्वास सेन आजादनगर को कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और सक्रियता से निभाने का संकल्प लिया।

समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए एकता, मजबूत संगठन और युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस दौरान सभी सदस्यों ने समाजहित में मिलजुलकर कार्य करने तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में विकास सेन, महादेव सेन, दीपक सेन, शम्भू सेन, गौतम सेन, सागर सेन, सन्नी सेन, मुकेश सेन, गोपाल सेन, तुसार सेन, अशोक सेन, सुनील सेन, यशोवर्धन सेन, मोनू सेन, यश सेन, लक्की सेन, दिनेश सेन सहित बड़ी संख्या में समाज के युवा एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विकसित भारत जन सेवा अभियान 17 सितंबर से, जिलेभर में होंगे जनकल्याण के कार्यक्रम

दीप प्रज्ज्वलन, रक्तदान शिविर, प्रतियोगिताएं, सेवा सेतु शिविर और स्वच्छता गतिविधियां होंगी आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में विकसित भारत जन सेवा अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर से होगा। अभियान के तहत जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के समन्वय से जनकल्याण, सेवा और जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेकर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित नोडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बताया कि 17 सितंबर को शाम 7 बजे नव-लाभान्वित परिवारों द्वारा घरों एवं प्रमुख स्थानों पर दीप प्रज्ज्वलित कर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी दिन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से रक्तदान शिविर भी लगाए जाएंगे।

अभियान के तहत 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक जिले के विद्यालयों में 'मेरे सपनों का भारत एवं विकसित राजस्थान' विषय पर चित्रकला, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। वहीं 18 से 25 सितंबर तक ग्रामीण क्षेत्रों तथा 22 सितंबर से 17 अक्टूबर तक शहरी क्षेत्रों में 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' के तहत ग्राम, शहरी वार्ड एवं निकाय स्तर पर प्रेरणादायी गतिविधियों का प्रसारण किया जाएगा।

योजनाओं की जानकारी के साथ होगा पात्र लोगों का पंजीकरण

25 से 27 सितंबर तक आंगनवाड़ी केंद्रों पर 'आंगन मिलन सेवा' के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा सहयोगिनियों का सार्वजनिक अभिनंदन किया जाएगा। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा की कहानी' गतिविधि के तहत सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों की रील एवं वीडियो तैयार कर प्रसारित किए जाएंगे। 19 से 25 सितंबर तक ग्रामीण क्षेत्रों तथा 8 से 16 अक्टूबर तक शहरी क्षेत्रों में 'सेवा सेतु' अभियान के तहत शिविर लगाए जाएंगे। इनमें आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण भी किया जाएगा।

रैली, रंगोली और स्वच्छता गतिविधियां भी होंगी

7 अक्टूबर को 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' के तहत विद्यार्थी विकसित भारत के संकल्प के साथ स्लोगन, पोस्टर एवं बैनर लेकर रैली निकालेंगे। 2 अक्टूबर को 'सेवा मेरा योगदान' के तहत स्वच्छता एवं सामुदायिक सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। वहीं 24 सितंबर एवं 11 अक्टूबर को 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' के तहत सार्वजनिक स्थानों पर रंगोली प्रदर्शन होगा।

युवाओं को नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 1 से 15 अक्टूबर तक 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के साथ 'सुशासन सेवा संवाद' कार्यक्रम भी होंगे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अभियान के तहत आयोजित सभी कार्यक्रमों के फोटो, वीडियो एवं रील्स को विभागीय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए। साथ ही नगरीय निकायों में आम चुनाव की प्रक्रिया चलने के कारण राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार आचार संहिता की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन हरीतिमा, नगर विकास न्यास सचिव गौरव रविंद्र सालुंखे, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, नगर निगम आयुक्त कमल सिंह यादव सहित संबंधित विभागों के नोडल एवं सह-नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का जिला स्तरीय सम्मेलन 18-19 सितंबर को कोटड़ी में

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

राजेंद्र बबलू पोखरणा

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान जिला शाखा शाहपुरा की ओर से जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 18 एवं 19 सितंबर को श्री चारभुजानाथ मंदिर प्रांगण कोटड़ी में आयोजित होगा। सम्मेलन में शिक्षा, शिक्षक हित, संगठनात्मक विषयों और विद्यालयी शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर मंथन किया जाएगा।

18 सितंबर को उद्घाटन सत्र में प्रदेश पर्यवेक्षक देवेंद्र शर्मा, मुख्य वक्ता सूर्यप्रकाश सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

19 सितंबर को सुबह 11.15 बजे आदर्श विद्या मंदिर कोटड़ी में जिलाध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में समापन समारोह एवं जिला बैठक होगी। इसमें संगठन की आगामी गतिविधियों, शिक्षकों से जुड़े विषयों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

बनेड़ा में अध्यक्ष पद को लेकर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

भाजपा से गोपाल चरण सिंह सिसोदिया तो कांग्रेस से बाबूलाल माली ने दाखिल किया नामांकन, एक निर्दलीय की भूमिका महत्वपूर्ण

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।

(परमेश्वर) नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर बनेड़ा में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। अध्यक्ष पद के लिए भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल कर चुनावी मुकाबले की तस्वीर सामने रख दी है। भाजपा की ओर से गोपाल चरण सिंह सिसोदिया और कांग्रेस की ओर से बाबूलाल माली ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र प्रस्तुत किया।



दोनों प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उपखंड अधिकारी बाबूलाल वर्मा के समक्ष नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया। भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने अपने-अपने प्रत्याशी के समर्थन में जीत का दावा किया।

बहुमत के आंकड़े से दोनों दल दूर

बनेड़ा नगरपालिका में भाजपा के 10 पार्षद, कांग्रेस के 9 पार्षद और एक निर्दलीय पार्षद है। उपलब्ध सीटों के इस गणित में बहुमत के लिए 11 पार्षदों का समर्थन आवश्यक होगा। ऐसे में भाजपा बहुमत से एक और कांग्रेस दो पार्षद दूर है।

एक निर्दलीय पार्षद की मौजूदगी के कारण अध्यक्ष पद के चुनाव में समर्थन का गणित महत्वपूर्ण हो गया है। हालांकि अंतिम स्थिति नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी।

नामांकन के बाद बढ़ी राजनीतिक हलचल

अध्यक्ष पद के लिए दोनों प्रमुख दलों के प्रत्याशी मैदान में आने के साथ ही स्थानीय राजनीति में गतिविधियां बढ़ गई हैं। अब पार्षदों के समर्थन और राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। आने वाले दिनों में दोनों दलों की रणनीति और गतिविधियों पर सभी की नजर रहेगी।

अब नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद अध्यक्ष पद के चुनाव की तस्वीर पूरी तरह साफ होगी। इसके बाद चुनावी मैदान में प्रत्याशियों की अंतिम स्थिति सामने आएगी।

सड़क बनी, 8 माह बीते...खामोर में अब भी बीच सड़क खड़े विद्युत पोल!

डेयरी चौराहे पर करीब 5 फीट सड़क में आया पोल,तेजाजी चौक के 90 डिग्री मोड़ पर बीचोंबीच खंभा,भारी वाहनों के बीच आमजन परेशान,हादसे का खतरा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

सड़क निर्माण पूरा हुए आठ माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन खामोर की घनी आबादी से गुजर रही एमडीआर सड़क पर विद्युत पोल अब भी सड़क के भीतर खड़े हैं। कहीं पोल सड़क के किनारे से करीब पांच फीट तक सड़क पर आ गया है तो कहीं तीखे मोड़ के बीचोंबीच विद्युत पोल खड़ा है।ऐसे में सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

खामोर के डेयरी चौराहे के नजदीक देवनारायण मंदिर के पास विद्युत पोल सड़क के किनारे से अनुमानित पांच फीट तक सड़क की ओर आया हुआ है। आबादी क्षेत्र में लगातार वाहनों और राहगीरों की आवाजाही के बीच सड़क पर निकला यह पोल रास्ते को संकरा कर रहा है। बड़े वाहन गुजरने के दौरान स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो जाती है।इसी तरह तेजाजी चौक पर एमडीआर सड़क के करीब 90 डिग्री घुमाव वाले हिस्से में विद्युत पोल सड़क के बीचोंबीच आ रहे हैं।घुमावदार सड़क पर सामने से आने वाले वाहन को लेकर पहले ही सावधानी बरतनी पड़ती है,वहीं सड़क के भीतर खड़े पोल के कारण वाहन चालकों के लिए निकलने की जगह और सीमित हो जाती है।

भारी वाहनों के बीच बढ़ती परेशानी

कंवलियास-केरोट एमडीआर सड़क से गिट्टी से भरे डंपर सहित अन्य भारी वाहनों की आवाजाही भी रहती है।आबादी क्षेत्र में सड़क के भीतर आए विद्युत पोल और संकरे हिस्सों के कारण आमने-सामने भारी वाहन आने पर रास्ता बेहद सीमित हो जाता है। कई बार एक वाहन के निकलने के बाद दूसरे वाहन को निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती और जाम जैसी स्थिति बन जाती है।विशेषकर डेयरी चौराहा के नजदीक देवनारायण मंदिर के पास एवं तेजाजी चौक के घुमाव पर सड़क के बीच खड़े पोल के कारण वाहन चालकों को मोड़ लेते समय अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान ही विद्युत पोलों को शिफ्ट किया जाना चाहिए था,लेकिन सड़क कार्य पूर्ण हुए आठ माह से अधिक समय बीतने के बाद भी समस्या बनी हुई है।

आबादी क्षेत्र में मुख्य सड़क पर पोल बने बाधा

ग्रामीणों के अनुसार समस्या केवल देवनारायण मंदिर और तेजाजी चौक तक सीमित नहीं है। खामोर की मुख्य सड़क पर कई स्थानों पर विद्युत पोल सड़क की ओर आए हुए हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों तथा संबंधित ठेकेदारों को कई बार समस्या से अवगत कराया है।ग्रामीणों



का कहना है कि सड़क पर पोल होने से रोजाना आवागमन स्कूली बच्चों के आने जाने का आवागमन प्रभावित हो रहा है। खासकर रात के समय और भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान खतरा और बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क के भीतर आए सभी विद्युत पोलों को चिन्हित किया जाए और उन्हें जल्द से जल्द सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए।

स्वीकृति और इस्टीमेट हो चुका, अब भुगतान का इंतजार

मामले में विभागीय अधिकारियों के अनुसार विद्युत पोल शिफ्टिंग की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। पीडब्ल्यूडी के एईएन सुनीत वर्मा ने स्वीकृति आने की बात कही है, जबकि विद्युत विभाग के जेईएन मुन्ना राम के अनुसार पोल शिफ्टिंग का इस्टीमेट और स्वीकृति दोनों हो चुके हैं। हालांकि भुगतान जमा नहीं होने के कारण काम रुका हुआ है।आठ माह से अधिक समय से सड़क पर मौजूद इस समस्या को लेकर अब ग्रामीणों की नजर विभागीय कार्रवाई पर है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रक्रिया और भुगतान के बीच आमजन को लंबे समय तक परेशानी में नहीं छोड़ा जाना चाहिए और संवेदनशील स्थानों पर पोल शिफ्टिंग का काम प्राथमिकता से पूरा होना चाहिए।

इनका कहना...

विद्युत पोल शिफ्टिंग को लेकर स्वीकृति आ चुकी है। अब डिमांड जमा करानी है। बात करेंगे और जल्द ही पोल शिफ्टिंग की कार्रवाई करवाएंगे।

PWD **एईएन सुनीत वर्मा**

विद्युत पोल शिफ्टिंग को लेकर विभाग की ओर से इस्टीमेट दे दिया गया है और इसकी स्वीकृति भी आ चुकी है।विभाग की ओर से पेमेंट डिपोजिट नहीं हुआ है जैसे ही संबंधित राशि डिपोजिट हुई उसके बाद काम शुरू कर दिया जाएगा।

जेईएन मुन्नाराम जीएसएस सूरजपुर

भीलवाड़ा नगर निगम महापौर चुनाव - भाजपा ने जसवंत कंवर को बनाया अधिकृत प्रत्याशी, दाखिल किया नामांकन

भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।

भीलवाड़ा नगर निगम में महापौर पद के चुनाव के लिए भाजपा ने वार्ड नंबर 9 से जीत दर्ज कर प्रथम बार पार्षद चुनी गई श्रीमती जसवंत कंवर को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। बुधवार सुबह भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा पार्षद जसवंत कंवर और उनके प्रस्तावक पार्षदों को लेकर भीलवाड़ा पहुंचे और भाजपा कार्यालय में नामांकन फॉर्म संबंधी औपचारिकताओं को पूरा कराया।

निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दो सेट में प्रस्तुत किया नामांकन

भाजपा जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि ?नामांकन प्रक्रिया के तहत भाजपा प्रत्याशी जसवंत कंवर नगर निगम पहुंचीं, जहां उन्होंने निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा देवठिया के समक्ष दो सेट में अपना नामांकन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी, नगर निगम प्रभारी वीरम देव सिंह और जिला संगठन प्रभारी संजय जैन ताऊ विशेष रूप से उपस्थित रहे। भाजपा की ओर से नगर निगम प्रभारी वीरम देव सिंह ने प्रत्याशी के पक्ष में अधिकृत सिंबल प्रस्तुत किया।

जाट और गुर्जर बने प्रस्तावक, पार्षदों ने ली शपथ

जसवंत कंवर के प्रस्तावक के रूप में एक नामांकन पत्र में वार्ड 26 से पार्षद बने शंकर जाट और दूसरे नामांकन पत्र में वार्ड 64 से पार्षद बने जगदीश गुर्जर ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान वार्ड 16 से पार्षद राधेश्याम सोमानी और वार्ड 8 से पार्षद मिथिलेश कंवर भी मौजूद रहे। नामांकन प्रस्तुत करने से पूर्व निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा देवठिया ने जसवंत कंवर सहित शंकर जाट, जगदीश गुर्जर, राधेश्याम सोमानी एवं मिथिलेश कंवर को पार्षद पद की शपथ ग्रहण कराई और सभी 5 पार्षदों को सर्टिफिकेट प्रदान किया।

भाजपा कार्यालय पर हुआ भव्य स्वागत

दोपहर लगभग 12 बजे भाजपा कार्यालय पहुंचने पर महापौर पद प्रत्याशी जसवंत कंवर का जिलाध्यक्ष मेवाड़ा के सान्निध्य में भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। महिला कार्यकर्ताओं ने उन्हें उपरना ओढ़ाकर, तिलक कर, श्रीफल भेंट कर और गुड़ खिलाकर उनका स्वागत किया।



दिग्गज नेताओं ने दिया एकजुटता का संदेश

प्रत्याशी चयन के बाद भाजपा के दिग्गज नेताओं सांसद दामोदर अग्रवाल, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, विधायक अशोक कोठारी एवं पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी ने एकजुटता का संदेश दिया। नेताओं ने विश्वास जताया कि भाजपा की यह ट्रिपल इंजन सरकार शहर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

भीलवाड़ा नगर निगम को प्रदेश में अव्वल बनाएंगे - जसवंत कंवर

महापौर पद के लिए नामांकन प्रस्तुत करने के बाद जसवंत कंवर ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि शहर की जनता और सभी पार्षदों के सहयोग से नगर निगम को प्रदेश में अव्वल बनाने का प्रयास रहेगा। उनकी पहली प्राथमिकता शहर के चौमुखी विकास के साथ आमजन की समस्याओं के यथोचित समाधान की रहेगी। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं का जिक्र करते हुए कहा कि महिला होने के नाते शहर की समस्त महिला समाज की अपेक्षाओं पर भी वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। अंत में उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित जिले के समस्त वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया।

QUICK BITES

चम्पापुर में तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

चम्पापुर की टीम रही विजेता, बूंदी की बंगमाता टीम उपविजेता

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।



चम्पापुर आंटी में बालाजी ग्रुप की ओर से आयोजित तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण समापन हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में चम्पापुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि बंगमाता (बूंदी) की टीम उपविजेता रही।

घुमंतू प्रकोष्ठ मंडल संयोजक अनिल बंजारा ने बताया कि समापन समारोह में रणजीत नायक एवं राजस्थान पुलिस के शिवपाल सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन में जेएमबी ग्रुप के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

सुवाणा पंचायत समिति क्षेत्र में मतदाता सूचियों के अद्यतीकरण की प्रक्रिया जारी

18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पात्र नागरिक जुड़वा सकेंगे नाम, नाम हटाने व संशोधन के लिए भी आवेदन की सुविधा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पंचायत समिति क्षेत्र सुवाणा में पंचायती राज संस्थाओं के आगामी आम चुनाव को लेकर मतदाता सूचियों के अद्यतीकरण की प्रक्रिया जारी है। राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान जयपुर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने, हटाने, स्थानांतरण एवं संशोधन से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं।

पंचायत समिति सुवाणा की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 25 फरवरी को किया जा चुका है। अंतिम प्रकाशन के बाद निर्वाचक नामावली को निरंतर अद्यतन करने के क्रम में प्राप्त आवेदनों के निस्तारण के पश्चात पूरक-2 तैयार की जानी है।

राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियमों के तहत निर्वाचन की लोक सूचना जारी होने की तिथि से 10 दिन पूर्व तक दावे एवं आपत्तियां स्वीकार किए जाएंगे। इस अवधि में सुवाणा पंचायत समिति के विभिन्न वार्डों की मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन से संबंधित कार्य किए जाएंगे।

1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु वाले जुड़वा सकेंगे नाम


पंचायत समिति सुवाणा क्षेत्र में निवास करने वाले ऐसे सभी नागरिक, जिन्होंने 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, वे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के पात्र होंगे।

क्षेत्र के नागरिक अपने संबंधित वार्ड के प्रगणक (बूथ लेवल ऑफिसर) से संपर्क कर पंचायत समिति सुवाणा की पंचायत वार्ड मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम, पता अथवा अन्य विवरण में संशोधन तथा अपात्र या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने के लिए भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन किया जा सकेगा।

छोटी बिजौलिया में दशलक्षण पर्व का शुभारंभ, जैन समाज में उत्साह

चंद्रप्रभु जिनालय में हुई अभिषेक, शांतिधारा व पूजन की शुरुआत, पहले दिन उत्तम क्षमा धर्म की आराधना

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।



छोटी बिजौलिया स्थित श्री 1008 दिगम्बर चंद्रप्रभु जिनालय में बुधवार से दस दिवसीय दशलक्षण पर्व का शुभारंभ हो गया। पर्व को लेकर जैन समाज में उत्साह का माहौल है। पर्व के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने उत्तम क्षमा धर्म की आराधना की और भगवान जिनेन्द्र की पूजा-अर्चना कर सुख-शांति की कामना की।

दशलक्षण पर्व के दौरान प्रतिदिन जिनेन्द्र भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। श्रद्धालु दसों धर्मों की आराधना के साथ उनके संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प ले रहे हैं।

पर्व को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। महिला मंडल सहित जैन समाज के लोग धार्मिक आयोजनों की व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है।

समाजजनों ने बताया कि दशलक्षण पर्व आत्मचिंतन, संयम और आत्मशुद्धि का महापर्व है। दस दिनों तक चलने वाले इस पर्व में श्रद्धालु धर्माराधना के साथ अपने भीतर के विकारों को दूर करने, क्षमा, संयम और सदाचार को जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।